<u>वीर बाल दिवस कार्यक्रम</u>

<u>जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऊधम सिंह नगर</u>

आज दिनांक 26 दिसम्बर,2023 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ऊधम सिंह नगर में वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम **डी0एल0एड0 प्रशिक्षु हिमांशु जोशी** द्वारा वीर बाल दिवस के विषय में अपने विचार प्रेषित किये गये। जिसमें सिक्खों के 10वें गुरु, गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों (बाबा फतेह सिंह व बाबा जोरावर सिंह) द्वारा धर्म की रक्षा के लिए दिए गए बलिदान के बारे में बताया गया। तत्पश्चात डायट **प्रवक्ता डॉ0 गीता किरन** द्वारा साहिबजादों के साहस व पराक्रम की कहानी बताते हुए अपने विचार व्यक्त किए गए।